## खबर कोना

### उद्घाटन समारोह में डेविस कप खिलाड़ियों का किया सम्मान

बंगलुरु, 12 फरवरी (भाषा)।

पाकिस्तान को हाल में उसकी धरती पर हराने वाली भारतीय डेविस कप टीम के खिलाड़ियों को सोमवार को यहां बंगलुरु ओपन के उद्घाटन समारोह के दौरान सम्मानित किया गया। कर्नाटक राज्य लान टेनिस संघ के अध्यक्ष आर अशोक ने कहा, 'यह कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस संघ के लिए गर्व की बात है कि डेविस कप के स्टार खिलाड़ी बंगलुरु ओपन 2024 में भाग ले रहे हैं। पाकिस्तान में उनकी उपलब्धि ऐतिहासिक और प्रेरणादाई है।'



*कतर* : खलीफा अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट में सोमवार को खेल के दौरान पोलैंड की मैग्डेलेना फ्रेंच प्रतिक्रिया व्यक्त करती हुई।

### एडीलेड की घटना से मेरा परिवार प्रभावित हुआ : मैक्सवेल

मेलबर्न, 12 फरवरी (भाषा)।

पिछले महीने एडीलेड में देर रात पार्टी के बाद अस्पताल में भर्ती होने की घटना पर आस्ट्रेलियाई हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल ने कहा कि इससे उनका परिवार काफी प्रभावित हुआ था। मैक्सवेल पिछले महीने इस पार्टी में पूर्व आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ब्रेट ली के 'सिक्स एंड आउट' कंसर्ट देखते हुए शराब पी रहे थे। इसके बाद उनकी हालत खराब हो गयी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया और वह एम्बुलेंस में ही बेहोश हो गए थे। मैक्सवेल ने कहा, मुझे लगता है कि इस घटना ने मुझसे ज्यादा मेरे परिवार को प्रभावित किया। मुझे पता था कि उस हफ्ते मेरी छुट्टी थी और निश्चित रूप से यह घटना और इसका समय आदर्श नहीं था।'

# केएल राहुल चोट से उबरने में नाकाम, तीसरे टैस्ट से बाहर

## इंग्लैंड के खिलाफ भारत का अगला मुकाबला राजकोट में


राजकोट, 12 फरवरी (भाषा)।

भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल अपनी 'क्वाड्रिसेप्स' चोट से पूरी तरह उबरने में विफल रहे जिससे सोमवार को वह इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टैस्ट से बाहर हो गए। इसी चोट के कारण वह विशाखापत्तनम में दूसरे टैस्ट में भी नहीं खेल पाए थे। इससे साफ है कि कर्नाटक के बाएं हाथ के बल्लेबाज देवदत्त पडीक्कल टीम में राहुल की जगह लेंगे।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआइ) के वरिष्ठ सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, 'केएल राहुल अभी तक राजकोट नहीं पहुंचे हैं। स्थानीय खिलाड़ी रविंद्र जडेजा टीम से जुड़ चुके हैं। टीम में शामिल होना फिटनेस पर निर्भर था और बीसीसीआइ की चिकित्सा टीम को अब भी नहीं लगता कि वह मैच फिट हैं।' चयनकर्ताओं ने बीसीसीआइ की चिकित्सा टीम से हरी झंडी मिलने के आधार पर ही राहुल और जडेजा को टीम में शामिल किया था। हाल के रणजी ट्राफी मैच में 23 साल के पडीक्कल ने 151 रन बनाए हैं और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर स्टैंड में बैठकर उनकी पारी देख रहे थे। इस घरेलू सत्र में पडीक्कल शानदार फार्म में हैं, उन्होंने पहले रणजी ट्राफी मैच में पंजाब के खिलाफ 193 रन और गोवा के खिलाफ 103 रन बनाए। रणजी के अलावा पडीक्कल ने भारत 'ए' के लिए इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो अनौपचारिक टैस्ट की तीन पारियों में 105, 65 और 21 रन बनाए। जहां तक राहुल का संबंध है तो 31 साल के बल्लेबाज का इतना लंबा ब्रेक गंभीर सवाल खड़े करता है कि क्या वरिष्ठ भारतीय खिलाड़ी और बीसीसीआइ की चिकित्सा टीम कुछ निश्चित खिलाड़ियों की चोट की स्थिति के बारे में सही जानकारी दे रही है या नहीं।

**राजकोट पहुंची इंग्लैंड की टीम** : अबुधाबी में एक सप्ताह बिताने के बाद इंग्लैंड की क्रिकेट टीम सोमवार को राजकोट पहुंची। शृंखला अभी 1-1 से बराबरी पर है। तीसरा टैस्ट मैच 15 फरवरी से यहां खेला जाएगा। विशाखापत्तनम में दूसरे टैस्ट मैच में 106 रन की हार के बाद इंग्लैंड के खिलाड़ी दूसरे और तीसरे टैस्ट मैच के बीच 10 दिन का अंतर होने के कारण एक सप्ताह के विश्राम के लिए अबुधाबी गए थे।

### विराट कोहली शृंखला से हटे



#### *इंग्लैंड के पास शृंखला जीतने का सुनहरा मौका : ब्राड*

इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्राड का मानना है कि विराट कोहली का टैस्ट शृंखला में नहीं होना इस शृंखला और खेल के लिए अच्छा नहीं है लेकिन उनकी गैर मौजूदगी में इंग्लैंड के पास भारत को हराने का सुनहरा मौका है। विराट निजी कारणों से शृंखला से बाहर है, जबकि भारत ने दूसरा टैस्ट जीतकर पांच मैचों की शृंखला में 1-1 से बराबरी कर ली है।

#### *टैस्ट से पहले चैपल ने कहा, भारत के सामने कड़ी चुनौती*

आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल को लगता है कि बेन स्टोक्स की अगुआई वाली इंग्लैंड की टीम बची हुई टैस्ट शृंखला में भारत को कड़ी टक्कर देगी लेकिन उन्होंने मेजबान टीम जीतने का समर्थन किया। भारत और इंग्लैंड इस समय पांच मैच की शृंखला में 1-1 से बराबरी पर हैं। चैपल ने अपने कालम में लिखा, 'घरेलू टीम होने के नाते भारत को आखिर में इस मुश्किल शृंखला को जीतना चाहिए लेकिन उन्हें बचे हुए मुकाबलों में कड़ी चुनौती मिलेगी।'

# केन्याई धावक केल्विन किप्टम और उनके कोच की कार दुर्घटना में मौत

नैरोबी, 12 फरवरी (एपी)।

**दुखद**

मैराथन के विश्व कीर्तिमान धारी केल्विन किपटम की कीनिया में कार दुर्घटना में मौत हो गई। वह इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक के प्रबल दावेदार थे। रविवार को हुई इस कार दुर्घटना में उनके कोच गेरवेस हाकिजिमाना की भी मौत हो गई।

पुलिस ने कहा कि रविवार देर रात हुई इस दुर्घटना में किपटुम गाड़ी चला रहे थे और उनकी कार पेड़ से टकराने के बाद खाई में गिर गई। किपटम 24 साल के थे। उन्होंने एलीट मैराथन में तीसरी बार हिस्सा लेते ही विश्व रेकार्ड तोड़ दिया था।

अंतरराष्ट्रीय ट्रैक महासंघ विश्व एथलेटिक्स ने पिछले हफ्ते ही पिछले साल शिकागो मैराथन में बनाए गए उनके रेकार्ड को स्वीकृत किया था।

उनकी मौत से दुखी कीनिया के राष्ट्रपति विलियम रूटो ने बयान में अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा, 'वह अभी 24 साल का ही था। किपटम हमारा भविष्य था।' पुलिस ने कहा कि उनके साथ कार में एक 24 वर्षीय महिला भी थी, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। उन्हें काफी चोट लगी है।

# केरल ने बंगाल को 109 रन से दी शिकस्त, तीसरे स्थान पर पहुंचा

थुम्बा, 12 फरवरी (भाषा)।

**रणजी ट्राफी**

अनुभवी हरफनमौला जलज सक्सेना के स्पिनरों के लिए माकूल पिच पर लिए गए 13 विकेट की बदौलत केरल ने सोमवार को यहां बंगाल को 109 रन से हरा कर मौजूदा रणजी ट्राफी सत्र में अपनी पहली जीत का स्वाद चखा।

इस जीत से केरल (14 अंक) ग्रुप बी तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया। शीर्ष पर मुंबई (30) और दूसरे स्थान पर आंध्र (25) मौजूद है। यह बंगाल की इस सत्र में लगातार दूसरी हार है, जिससे पिछले चरण की उप विजेता छठे स्थान पर खिसक गई है और उसकी नाकआउट के लिए क्वालीफाइ करने की उम्मीद भी खत्म हो गई है। बंगाल को पिछले मैच में मुंबई से पारी की हार मिली थी। हरफनमौला सक्सेना ने पहली पारी में 68 रन देकर नौ और दूसरी पारी में 104 रन देकर चार विकेट झटके। इससे बंगाल की टीम 449 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 339 रन पर सिमट गई। बंगाल ने दो विकेट पर 77 रन से आगे खेलना शुरू किया, जिसके बाद सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन ने अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया। सक्सेना ने अनुस्पतुप मजूमदार (14) को आउट करने के बाद अभिमन्यु की 65 रन (119 गेंद) की पारी भी समाप्त की।

अनुभवी मनोज तिवारी भी सक्सेना का शिकार हुए और 35 रन पर पवेलियन पहुंचे। तिवारी ने घोषणा की थी कि वह बंगाल के 16 फरवरी को ईडन गार्डंस पर बिहार के खिलाफ अंतिम लीग मैच के बाद संन्यास ले लेंगे।

## राजस्थान को 218 रन से मिली हार

जयपुर, 12 फरवरी (भाषा)।

बाएं हाथ के स्पिनर धर्मेंद्र सिंह जडेजा ने दूसरी पारी में 32 रन देकर सात विकेट लिए, जिससे सौराष्ट्र ने सोमवार को यहां रणजी ट्राफी ग्रुप ए मैच में राजस्थान को 218 रन से करारी शिकस्त दी।

जडेजा ने पहली पारी में भी पांच विकेट लिए थे। सौराष्ट्र ने इस मैच से छह अंक हासिल किए। सौराष्ट्र ने अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 174 रन से आगे बढ़ाई और छह विकेट पर 234 रन के स्कोर पर समाप्त घोषित की। अर्पित वासवडा 74 रन बना कर नाबाद रहे।

## भारतीय महिला हाकी टीम को चीन से मिली हार

राउरकेला, 12 फरवरी (भाषा)।

भारतीय महिला हाकी टीम का एफआइएच प्रो लीग में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और वह सोमवार को यहां चीन से 1-2 से हार गई।

संगीता कुमारी ने सातवें मिनट में मैदानी गोल करके भारत को बढ़त दिला दी थी लेकिन टीम इसका फायदा नहीं उठा पाई। चीन ने गु बिंगफेंग के 14वें मिनट में पेनल्टी कार्नर पर किए गए गोल से बराबरी की। इसी खिलाड़ी ने 53वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। भारत इससे पहले भुवनेश्वर में तीन फरवरी को चीन से इसी अंतर से हार गया था।

उसे नीदरलैंड (1-3) और आस्ट्रेलिया (0-3) से भी हार का सामना करना पड़ा था। इस बीच उसने अमेरिका को 3-1 से हराया। भारतीय टीम अपने अगले मैच में बुधवार को नीदरलैंड का सामना करेगी।

## एटीपी एकल रैंकिंग में सुमित शीर्ष 100 में

नई दिल्ली, 12 फरवरी (भाषा)।

**टेनिस**

भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने सोमवार को 23 पायदान की छलांग लगाकर अपने करिअर में पहली बार एटीपी एकल रैंकिंग के शीर्ष 100 में प्रवेश किया।

रविवार को चेन्नई ओपन चैलेंजर में मिली जीत से नागल ताजा जारी एकल रैंकिंग में 98वें स्थान पर पहुंच गए, जिसमें शीर्ष पर सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच काबिज हैं। पिछले महीने नागल ग्रैंडस्लैम में 35 साल में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय बने थे। उन्होंने पहले दौर में दुनिया के 27वें नंबर के कजाखस्तान के एलेक्जैंडर बुबलिक को हरा कर उलटफेर किया था।

2019 में बाएं हाथ के प्रजनेश गुणेश्वरन के शीर्ष 100 में पहुंचने के बाद नागल शीर्ष 100 में जगह बनाने वाले पहले भारतीय हैं। नागल ने चेन्नई में मिली जीत के बाद कहा, 'मैं बहुत भावुक हूं। हर टेनिस खिलाड़ी का सपना कम से कम शीर्ष 100 में पहुंचना होता है। जैसा कि मैंने पहले कहा कि अपने देश के घरेलू दर्शकों के सामने यह मैच जीतना शानदार है, इसके लिए इससे बेहतर जगह नहीं हो सकती थी।'

## फाइनल में आस्ट्रेलिया के हाथों टीम को मिली थी हार

# अंडर-19 खिलाड़ी भारत के लिए खेलेंगे : कोच ऋषिकेश

बेनोनी, 12 फरवरी (भाषा)।

भारत के अंडर-19 मुख्य कोच ऋषिकेश कानिटकर को भरोसा है कि उनकी इस 2024 की टीम के कुछ खिलाड़ी भविष्य में वरिष्ठ टीम की ओर से खेलेंगे। पांच बार की चैंपियन भारत को रविवार को अंडर-19 विश्व कप फाइनल में आस्ट्रेलिया से 79 रन से हार का सामना करना पड़ा लेकिन खिलाड़ी जैसे कप्तान उदय सहारन, मुशीर खान, सौम्य पांडे और सचिन धास ने पूरे टूर्नामेंट में प्रभावित किया।

कानिटकर ने रविवार को मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, निश्चित रूप से भारत का भविष्य उज्जवल है। गेंदबाजी और बल्लेबाजी, दोनों में ही कुछ खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने मुश्किल हालात में परिपक्वता दिखाई, जो भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा संकेत है। सहारन पंजाब के लिए खेलते हैं, वह अंडर-19 विश्व कप में 397 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन जुटाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने नेपाल के खिलाफ शतक जड़ने के बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल में 81 रन की मैच विजयी पारी खेली।

तीसरे नंबर के बल्लेबाज मुशीर मुंबई के शानदार बल्लेबाज सरफराज खान के छोटे भाई हैं। वह टीम के लिए बल्ले से सबसे ज्यादा निरंतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे और उन्होंने 360 रन बनाए। इन दोनों के अलावा धास ने 'फिनिशर' की भूमिका बेहतरीन ढंग से निभाई और बाएं हाथ के स्पिनर पांडे ने 18 विकेट झटके। महाराष्ट्र के बल्लेबाज धास ने ऐसा जज्बा दिखाया, जो शीर्ष स्तर के क्रिकेट में जरूरी होता है।

भारतीय टीम हमेशा ही आयु ग्रुप में 'पावरहाउस' रही है और अंडर-19 विश्व कप ने विराट कोहली, युवराज सिंह, मोहम्मद कैफ, सुरेश रैना, शिखर धवन, रोहित शर्मा, रविंद्र जडेजा, केएल राहुल, ऋषभ पंत, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल जैसे स्टार दिए हैं। कानिटकर ने कहा, 'हर बार कुछ खिलाड़ी ऐसे होते हैं, जो या तो इंडियन प्रीमियर लीग या भारतीय टीम में अच्छा प्रदर्शन करते हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि इसमें भी कुछ खिलाड़ी ऐसे होंगे जो भारतीय टीम में खेलेंगे लेकिन इसके लिए भी काफी कड़ी प्रतिस्पर्धा है।' अंडर-19 टीम के अर्शिन कुलकर्णी और अविनाश राव को पहले ही इंडियन प्रीमियर लीग का अनुबंध मिल चुका है।

**उम्मीद**

*कोच* ने कहा, खिलाड़ियों के लिए यह शानदार यात्रा है, उनका प्रदर्शन सुर्खियों में रहता है और उनका प्रदर्शन मायने रखता है क्योंकि सभी की निगाहें लगी होती हैं। वे इन परिस्थितियों के आदी हो जाते हैं। वे जानते हैं कि उनसे क्या उम्मीद की जाती है और जब वे शीर्ष स्तर पर खेलेंगे तो उन्हें तैयार रहना चाहिए।





**31 दिसम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही एवं नौ महीनों के लिए अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों की विवरणी का सार**

(करोड़ रूपए में)

| क्र. सं. | विवरण | एकल | | | | | | समेकित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौ माह | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौ माह | | समाप्त वर्ष |
| | | 31.12.2023 | 30.09.2023 | 31.12.2022 | 31.12.2023 | 31.12.2022 | 31.03.2023 | 31.12.2023 | 30.09.2023 | 31.12.2022 | 31.12.2023 | 31.12.2022 | 31.03.2023 |
| | | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 1,697.02 | 2,485.39 | 2,272.20 | 6,753.37 | 7,598.91 | 9,316.34 | 2,055.50 | 2,931.26 | 2,582.76 | 7,744.02 | 8,578.63 | 10,607.40 |
| 2 | कर पूर्व निवल लाभ (असाधारण मद पूर्व) | 703.47 | 1,174.01 | 768.05 | 3,173.92 | 3,706.28 | 4,439.19 | 914.28 | 1,618.31 | 885.08 | 3,926.78 | 4,338.81 | 5,210.98 |
| 3 | कर पूर्व निवल लाभ (असाधारण मद पश्चात) | 703.47 | 1,174.01 | 768.05 | 3,173.92 | 3,706.28 | 4,439.19 | 914.28 | 1,618.31 | 885.08 | 3,926.78 | 4,338.81 | 5,210.98 |
| 4 | निम्न को आरोप्य अवधि हेतु कर पश्चात निवल लाभ | | | | | | | | | | | | |
| | - मूल कंपनी के स्वामी | 546.13 | 1,447.11 | 781.66 | 3,046.18 | 3,264.32 | 3,833.79 | 491.90 | 1,545.85 | 671.67 | 3,074.61 | 3,246.58 | 3,889.98 |
| | - अनियंत्रित ब्याज | - | - | - | - | - | - | 136.54 | 147.41 | 104.32 | 342.47 | 268.98 | 344.76 |
| 5 | निम्न को आरोप्य अवधि हेतु कुल व्यापक आय [लाभ एवं अन्य व्यापक आय सहित (कर पश्चात)]: | | | | | | | | | | | | |
| | - मूल कंपनी के स्वामी | 598.00 | 1,456.94 | 802.93 | 3,132.29 | 3,289.18 | 3,830.42 | 543.56 | 1,555.46 | 692.70 | 3,160.09 | 3,270.72 | 3,885.78 |
| | - अनियंत्रित ब्याज | - | - | - | - | - | - | 136.34 | 147.21 | 104.09 | 341.87 | 268.29 | 343.95 |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- रुपए प्रत्येक) | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 |
| 7 | पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधि को छोड़कर अन्य इक्विटी | 28,043.19 | 27,445.19 | 26,228.00 | 28,043.19 | 26,228.00 | 25,362.93 | 29,623.41 | 29,020.11 | 27,645.73 | 29,623.41 | 27,645.73 | 26,854.31 |
| 8 | निवल मूल्य | 38,088.22 | 37,490.22 | 36,273.03 | 38,088.22 | 36,273.03 | 35,407.96 | 39,668.44 | 39,065.14 | 37,690.76 | 39,668.44 | 37,690.76 | 36,899.34 |
| 9 | प्रदत्त ऋण पूंजी | 30,016.83 | 30,095.44 | 27,577.14 | 30,016.83 | 27,577.14 | 30,171.63 | 32,521.91 | 32,127.02 | 28,419.82 | 32,521.91 | 28,419.82 | 31,557.04 |
| 10 | ऋण इक्विटी अनुपात | 0.79 | 0.80 | 0.76 | 0.79 | 0.76 | 0.85 | 0.82 | 0.82 | 0.75 | 0.82 | 0.75 | 0.86 |
| 11 | प्रति शेयर आय (मूल एवं डायल्यूटेड) - (गैर-वार्षिकी) (इक्विटी शेयर, अंकित मूल्य 10/- रुपए प्रत्येक) | | | | | | | | | | | | |
| | - विनियामक आस्थगित लेखा शेष में गतिशीलता से पूर्व (₹ में) | 0.52 | 1.42 | 1.32 | 2.96 | 3.61 | 3.96 | 0.40 | 1.46 | 1.17 | 2.85 | 3.47 | 3.91 |
| | - विनियामक आस्थगित लेखा शेष में गतिशीलता के पश्चात् (₹ में) | 0.54 | 1.44 | 0.78 | 3.03 | 3.25 | 3.82 | 0.49 | 1.54 | 0.67 | 3.06 | 3.23 | 3.87 |
| 12 | पूंजी विमोचन आरक्षित | 2,255.71 | 2,255.71 | 2,255.71 | 2,255.71 | 2,255.71 | 2,255.71 | 2,255.71 | 2,255.71 | 2,255.71 | 2,255.71 | 2,255.71 | 2,255.71 |
| 13 | डिबेंचर (बॉण्ड) विमोचन आरक्षित | 1,129.30 | 1,129.30 | 1,366.25 | 1,129.30 | 1,366.25 | 1,129.30 | 1,129.30 | 1,129.30 | 1,366.25 | 1,129.30 | 1,366.25 | 1,129.30 |
| 14 | ऋण सेवा कवरेज अनुपात (डीएससीआर) | 2.27 | 5.98 | 3.29 | 3.49 | 4.89 | 4.05 | 2.47 | 6.79 | 3.33 | 3.79 | 5.23 | 4.26 |
| 15 | ब्याज सेवा कवरेज अनुपात (आईएससीआर) | 6.16 | 11.49 | 7.05 | 8.95 | 8.90 | 8.21 | 7.04 | 14.02 | 7.13 | 10.29 | 9.53 | 8.97 |
| 16 | प्रतिभूति प्रीमियम खाता | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |

नोट :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 एवं 52 के अंतर्गत स्टॉक एक्स्चेंजेज में दाखिल वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। इन वित्तीय परिणामों का विस्तृत प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजेज की वेबसाइट : **www.nseindia.com** और **www.bseindia.com** पर एवं कंपनी की वेबसाइट : **www.nhpcindia.com** पर उपलब्ध है।
2. आवश्यक्तानुसार पिछली अवधि के आंकड़े पुनर्समूहित/पुनः व्यवस्थित/पुनः वर्गीकृत/पुनः उल्लिखित गए हैं।

एनएचपीसी लिमिटेड के निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से
हस्ता/-
(राजेन्द्र प्रसाद गोयल)
निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ
डीआईएन-08645380

**एनएचपीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
सीआईएनः L40101HR1975GOI032564
सेक्टर-33, फरीदाबाद-121003 (हरियाणा) भारत

स्थान : कच्छ, गुजरात
दिनांक : 12 फ़रवरी, 2024

महत्वपूर्ण सूचनाः शेयरधारकों से विनम्र अनुरोध है कि कंपनी से संबन्धित सभी सूचनाएँ इलेक्ट्रोनिक माध्यम से प्राप्त करने के लिए कृपया अपने संबन्धित Depository प्रतिभागी/कंपनी के पास अपना ई-मेल पता अपडेट कराने का कष्ट करें।

https://www.nhpcindia.com join us:

चुनौतियों को अवसरों में परिवर्तित करते हुए


रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 41, अंक 88
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com,
**बोर्ड अध्यक्ष : विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।